पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

स्पेशल ट्रेन रानी कमलापति-रीवा में एसी एवं स्लीपर के अतिरिक्त कोच लगेंगे

जबलपुर 07 अगस्त। रेल प्रशासन द्वारा त्यौहारों पर अतिरिक्त यात्री यातायात क्लियर करने एवं यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेल से चलने वाली स्पेशल ट्रेन रानी कमलापति-रीवा एक्सप्रेस में एसी थर्ड एवं सेकण्ड स्लीपर कोच लगाने का निर्णय लिया गया है।

गाड़ी संख्या 01661 रानी कमलापति-रीवा स्पेशल ट्रेन में प्रारंभिक स्टेशन रानी कमलापति स्टेशन से दिनांक 08.08.2025 को 02 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी एवं 02 शयनयान श्रेणी के अतिरिक्त कोच लगाया जायेगा।

यह स्पेशल ट्रेन रानी कमलापति से शुक्रवार, 08 अगस्त 2025 को रात 19:35 बजे प्रस्थान करेगी और विदिशा, बीना, सागर, दमोह, कटनी मुड़वारा, मैहर और सतना होते हुए सुबह 06:20 बजे रीवा पहुंचेगी।

यात्रियों से अनुरोध है त्यौहार के दौरान इन अतिरिक्त कोचों का लाभ उठाएं।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/279/2025 दिनांक 07.08.2025

सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर